प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि पंचायतीराज और स्थानीय शहरी निकायों के चुनाव परिणामों की वास्तविक स्थिति ज़िला परिषदों और पंचायतों के निर्वाचन के साथ ही स्पष्ट होगी। जगत सिंह नेगी ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा शहरी निकाय चुनाव नतीजों को बढ़ा–चढ़ा कर पेश कर रही है, जो सही नहीं है। क्योंकि अभी इन संस्थाओं के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों का चयन होना बाकी है। उन्होंने ये भी कहा कि भाजपा नेताओं का बयानबाजी में कोई मुकाबला नहीं है और वे हमेशा बढ़ा–चढ़ा कर दावे करते हैं, जबकि ज़मीनी हकीकत कुछ और होती है।

जगत सिंह नेगी ने ये भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों और युद्ध का हवाला देकर पैट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ौतरी करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पैट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ौतरी से महंगाई और बढ़ जाएगी।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नगर निकाय चुनावों में जीत के झूठे आंकड़े पेश कर पंचायत चुनावों को प्रभावित करना चाहते हैं। जयराम ठाकुर ने मंडी ज़िला के सराज विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान शंकरदेहरा में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ विदाई की शहनाई बजा दी है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के बाद अब प्रदेश की ग्रामीण जनता भी कांग्रेस की चुनावी गारंटियों के पूरा न होने के कारण खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है और पंचायत चुनावों में सरकार को कड़ा सबक सिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसा कि जब उसने नगर निकाय चुनावों में आधिकारिक प्रत्याशी ही घोषित नहीं किए, तो अब वह किस आधार पर जीत के दावे कर रही है।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने दावा किया है कि प्रदेश में नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस की भारी जीत हुई है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि भाजपा नेता चुनाव नतीजों को लेकर झूठे दावे कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जीत ने साबित कर दिया कि प्रदेश के लोग पार्टी के साथ पूरी मज़बूती से खड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी ने 47 नगर निकायों में से 32 में पूर्ण बहुमत हासिल किया है। उन्होंने ये भी दावा किया कि कांग्रेस इससे भी अधिक निकायों में अपने अध्यक्ष बनाएगी।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद प्रोफैसर सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वीडन के सर्वोच्च राजकीय सम्मान रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार से सम्मानित किए जाने से भारत की विश्व में साख व कूटनीति और मज़बूत हुई है। प्रोफैसर सिकंदर कुमार ने कहा कि यह केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि एक सौ 40 करोड़ भारतीयों के बढ़ते वैश्विक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ये सर्वोच्च सम्मान पाने वाले पहले एशियाई नेता बन गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति रक्षात्मक से आक्रामक और आत्मनिर्भर मोड में बदल गई है। प्रोफैसर सिकंदर ने कहा कि विश्व शांति, स्थिरता और विकास के लिए आज दुनिया को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वमित्र दृष्टिकोण पर पूरा भरोसा है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि केंद्रीय बजट 2026–27 में राज्य की गोविंद सागर और महाराणा प्रताप सागर झीलों को राष्ट्रीय जलाशय विकास कार्यक्रम में शामिल किया जाना प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि उन्होंने बीते दिनों लोकसभा में नियम–377 के तहत ये मामला उठाया था। इस पर केंद्रीय पंचायतीराज व मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह ने एक पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि इन 2 जलाशयों को देशभर में चिन्हित 4 सौ जलाशयों की सूची में शामिल किया गया है, जिनका एकीकृत विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकीकृत जलाशय विकास कार्यक्रम में शामिल होने से इन क्षेत्रों में आधुनिक अवसंरचना का विकास, सुविधाओं का विस्तार और स्थानीय लोगों के लिए नए आर्थिक अवसर सृजित होंगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––